शनिवार
24 सितम्बर 2022



पृष्ठ 4

घुटनों के दर्द में फायदेमंद है नोनी जूस



पृष्ठ 5

बबली बाउंसर में नई चीजें सीखने को मिली : तमन्ना



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 226
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

**आज का विचार**

विश्वास वह पक्षी है जो प्रभात के पूर्व अंधकार में ही प्रकाश का अनुभव करता है और गाने लगता है।

– रवींद्रनाथ ठाकुर

# अंकिता मर्डर केस में सरकार का सख्त एक्शन

## आरोपी के पिता को भाजपा से निकाला

संवाददाता

ऋषिकेश। अंकिता मर्डर केस में सूबे की सरकार ने आज सख्त एक्शन लेते हुए मुख्य आरोपी पुलकित आर्य के पिता विनोद आर्य को पार्टी से निकाल दिया तथा उसके बड़े भाई अंकित आर्य को भी ओबीसी आयोग के उपाध्यक्ष पद से बर्खास्त कर दिया गया है। मुख्यमंत्री धामी ने पूरे मामले की जांच एसआईटी को सौंप दी है तथा सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने क्षेत्र के सभी रिजार्ट की जांच करें और अवैध रिजार्ट के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। सीएम धामी का कहना है कि आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बीती रात आरोपी के उस वंनतरा रिजार्ट पर बुलडोजर की कार्रवाई की गई जिसमें अंकिता काम कर रही थी। 18 सितंबर को लापता हुई अंकिता का शव आज सुबह चीला नहर से बरामद कर लिया गया है। आरोपियों की निशानदेही पर अंकिता का शव बरामद होने के बाद



❑आरोपी का भाई ओबीसी आयोग से बर्खास्त
❑अंकिता का शव बरामद, एम्स में पोस्टमार्टम
❑विधायक रेनू बिष्ट की कार के शीशे तोड़े
❑आक्रोशित लोगों ने आरोपी की फैक्ट्री फूंकी

लोगों का आक्रोश भड़क उठा और उन्होंने आरोपी की रिजार्ट के पास बनी फैक्ट्री में आग लगा दी। वही ऋषिकेश एम्स में जहां अंकिता के शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा था वहां भी जमकर हंगामा किया गया। प्रदर्शनकारी छात्रों व महिलाओं तथा क्षेत्र वासियों ने किसी भी दल के नेता को एम्स में नहीं घुसने दिया। यम्केश्वर विधायक रेनू बिष्ट जब पहुंची तो आक्रोशित लोगों ने उनका घेराव कर सरकार और भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की तथा उनकी कार के शीशे भी तोड़ डाले। हंगामे के मद्देनजर एम्स में तैनात भारी पुलिस फोर्स द्वारा उन्हें किसी तरह

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

### पहले भी एक युवती हो चुकी है रिजार्ट से गायब

ऋषिकेश। अंकिता हत्याकांड के बीच एक और खुलासा सामने आया है स्थानीय निवासी बिट्टू भंडारी का कहना है कि 7-8 साल पहले भी प्रियंका नाम की एक युवती गायब हो चुकी है जिसका अब तक कुछ पता नहीं चला है। रिजार्ट संचालकों का कहना है कि वह पैसे लेकर भाग गई थी। इस मामले में एसडीएम का कहना है कि इसकी भी जांच की जाएगी।

# राजस्व पुलिस व्यवस्था समाप्त कर सामान्य पुलिस को जिम्मेवारी दी जाय: स्पीकर

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। प्रदेश में अंकिता भंडारी निर्मम हत्याकांड के बाद उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने प्रदेश में जहाँ कहीं भी राजस्व पुलिस की व्यवस्था चली आ रही है, को तत्काल समाप्त कर सामान्य पुलिस बल के थाने / चौकी स्थापित करने हेतु मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर शीघ्र इस विषय पर आदेश जारी करने का आग्रह किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में आज भी कई क्षेत्रों में राजस्व पुलिस व्यवस्था जारी है। आज के आधुनिक युग में जहाँ सामान्य पुलिस विभाग में पूरे देश में एक राज्य से दूसरे राज्य में पीड़ित जीरो एफ0आई0आर0 दर्ज कराकर अपनी शिकायत पंजीकृत करा सकता है।

वहीं ऋषिकेश शहर से मात्र 15 कि०मी० की दूरी पर राजस्व पुलिस जिसके पास पुलिस के आधुनिक हथियार तथा जॉच हेतु किसी भी प्रकार का प्रशिक्षण प्राप्त नहीं है, वे जॉच कर रहे है। यह जानकर अत्यन्त ही पीड़ा होती है।



विधानसभा अध्यक्ष ने अपने पत्र में लिखा कि गंगा भोगपुर में यदि सामान्य पुलिस बल कार्य कर रहा होता तो निश्चित रूप से प्रदेश की बेटी अंकिता आज हमारे मध्य होती और आम जनता में सरकारी कार्यप्रणाली के प्रति इतना रोष व्याप्त नहीं होता।

विधानसभा अध्यक्ष ने तत्काल प्रभाव में राजस्व पुलिस की व्यवस्था को समाप्त कर पुलिस चौकी एवं थाना स्थापित करने का मुख्यमंत्री से आग्रह किया, जिससे भविष्य में इस प्रकार की अप्रिय घटना दुबारा घटित न हो।

# मुरादाबाद और उत्तराखंड में युवतियों के साथ जो घटनाएं हुई उसने सबका दिल दहला दिया: राहुल गांधी

नई दिल्ली। मुरादाबाद और उत्तराखंड में हुई युवतियों के साथ घटनाओं पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी नें चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि, इन घटनाओं से दिल दहल गया है और भारत तभी आगे बढ़ेगा, जब देश की महिलाएं सुरक्षित होंगी।

राहुल गांधी ने कहा, मुरादाबाद और उत्तराखंड में युवतियों के साथ जो घटनाएं हुई हैं, उसने सबका दिल दहला दिया है। भारत जोड़ो यात्रा में मैं कई प्रतिभाशाली बच्चियों और युवतियों से मिल रहा हूं, उन्हें सुन रहा हूं। एक बात साफ है, हमारा भारत तभी आगे बढ़ेगा, जब देश की महिलाएं सुरक्षित होंगी। दरअसल, उत्तराखंड के रिजॉर्ट की रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी हत्याकांड में 3 आरोपी गिरफ्तार हुए हैं, इन पर अंकिता पर गलत काम करने का दबाव बनाने का आरोप है, वहीं आज पुलिस को अंकिता का शव भी मिल गया है।

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में एक वीडियो सामने आया। जिसमें एक युवती बिना कपड़ों के सड़क पर घूमती नजर आई। उसके फूफा ने 7 सितंबर 2022 को उसके साथ दुष्कर्म का मुकदमा भोजपुर थाने में दर्ज कराया है। तहरीर में कहा गया कि, उसकी भतीजी के साथ गैंगरेप की घटना हुई है। पुलिस ने गैंगरेप के आरोप में 5 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कर ली है।

# सीबीआई ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी के खिलाफ देश के 20 राज्यों में 56 जगहों पर की छापेमारी

नई दिल्ली। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) चाइल्ड पोर्नोग्राफी के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई में जुटी है। शनिवार को सीबीआई ने देश के 20 राज्यों में 56 लोकेशन पर छापेमारी की है। सीबीआई के सूत्रों के मुताबिक, ऑनलाइन बाल यौन शोषण सामग्री (सीएसईएम) मामले में 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 56 स्थानों पर सीबीआई की तलाशी चल रही है। सूत्रों के मुताबिक, सिंगापुर के माध्यम से न्यूजीलैंड की इंटरपोल यूनिट की ओर से शेयर किए गए इनपुट के बाद छापेमारी की गई है। ऑनलाइन उपलब्ध बाल यौन शोषण सामग्री के संबंध में सीबीआई का यह सबसे बड़ा ऑपरेशन है।




बता दें कि पिछले साल 16 नवंबर को भी सीबीआई ने इंटरपोल की जानकारी पर श्ऑपरेशन कार्बनश चलाया था। इसी दौरान प्राप्त जानकारी के आधार पर कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई को सीबीआई ने 'ऑपरेशन मेघा चक्र' नाम दिया है। इसके तहत उन व्यक्तियों और गिरोहों की पहचान करना और उन्हें गिरफ्तार करना है जो ऑनलाइन बाल यौन शोषण सामग्री (सीएसएएम) फैलाते हैं और नाबालिगों को यौन या शारीरिक रूप से ब्लैकमेल करते हैं। ये रैकेट व्यक्तिगत और संगठित दोनों स्तरों पर संचालित होते हैं। बता दें कि सीबीआई ने पिछले साल नवंबर में देश के 14 राज्यों के 77 लोकेशन पर छापेमारी की थी। इस दौरान सात लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक डेटा और गैजेट्स की बड़ी खेप भी बरामद की गई थी। इलेक्ट्रॉनिक डेटा में पैसे के लेन-देन और अलग-अलग अपराधियों के बारे में जानकारी मिली थी। ये अपराधी पाकिस्तान, कनाडा, बांग्लादेश, नाइजीरिया, इंडोनेशिया, अजरबैजान, श्रीलंका, संयुक्त राज्य अमेरिका, सऊदी अरब, यमन, मिस्र, ब्रिटेन, बेल्जियम समेत अन्य देशों में चाइल्ड पोर्नोग्राफी कंटेंट सर्कुलेट कर रहे थे।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# अंकिता हत्याकांड से दहला उत्तराखंड

अंकिता हत्याकांड ने उत्तराखंड वासियों के जहन को झकझोर कर रख दिया है। अंकिता जैसी हजारों लड़कियां हैं जो अपने गरीब मां-बाप की मदद के लिए घर से बाहर काम करने जाती हैं। इस घटना ने न सिर्फ उन सभी को चिंता में डाल दिया बल्कि उस देव भूमि की संस्कृति को भी कलंकित कर दिया जिसमें नारी सम्मान और सुरक्षा की बात कही जाती है। इस घटना का सबसे दुखद पहलू यह है कि इसमें पुलिस प्रशासन की भूमिका अत्यंत ही निंदनीय ही। क्योंकि आरोपी पक्ष सत्ताधारी पार्टी भाजपा के नेता से जुड़ा है इसलिए 18 सितंबर को हुई इस घटना पर 22 सितंबर (4 दिन) तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया और पीड़ित पक्ष की बात को पुलिस प्रशासन द्वारा नहीं सुना गया इस मामले ने जब सोशल मीडिया पर तूल पकड़ा और बात शासन तक पहुंची तब कहीं पुलिस महकमे की नींद टूटी। इस मामले में बीते कल से जो चुस्ती फुर्ती शासन-प्रशासन ने दिखाई है काश वह 5 दिन पहले दिखाई गई होती। भाजपा नेता के पुत्र सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है वहीं चीला नहर से अंकिता का शव भी बरामद कर लिया गया है। कहा जा रहा है कि आरोपियों ने हत्या की बात भी कबूल कर ली है। अंकिता के साथ क्या-क्या हुआ क्यों हुआ इसका सच अब उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आरोपियों से पूछताछ में सब सामने आ ही जाएगा, लेकिन भाजपा नेता का आरोपी बेटा पुलकित आर्य और सह आरोपी उसके रिजार्ट की दो मैनेजरों द्वारा अंकिता पर गेस्टों को खुश करने के लिए शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालने और इसे लेकर की गई हत्या की बात पूरा सच नहीं है। देखना होगा कि राजस्व पुलिस से शुरू हुआ यह मामला अब जब एसआईटी जांच तक जा पहुंचा है तो पुलिस और एसआईटी इसकी सच्चाई तक कितना पहुंच पाती है लेकिन सीधे-सीधे यह भाजपा के बिगड़ैल बेटे की चंगुल में फंसी एक गरीब लड़की के शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न की है जिसकी कीमत अंकिता को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। निश्चित ही कुछ न कुछ गलतियां अंकिता से भी हुई होंगी अगर उसे इस बात का पता चल गया था कि वह किसी गलत जगह फंस गई तो उसे यह नौकरी बहुत पहले छोड़ देनी चाहिए थी। क्योंकि एक दिन में और एकाएक बात इतनी आगे नहीं जा सकती है। सीएम धामी के आदेश पर आरोपी के रिजार्ट पर बुलडोजर चलवा दिया गया है। काश सीएम धामी ने राज्य गठन के बाद बने तमाम अवैध रिजार्ट की जांच और उन पर बुलडोजर चलाने की कार्यवाही करने का काम पहले कर दिया होता। राज्य में ऐसे तमाम रिजार्ट है जो अनैतिक गतिविधियों के अड्डे बने हुए हैं। लेकिन दुर्भाग्य की बात है शासन-प्रशासन की किसी ऐसी जगह पर नजर उससे पहले नहीं जाती जब तक वहां इतना बड़ा कुछ नहीं हो जाता जैसा वंनतरा रिजार्ट में हुआ है।

# बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ सीपीएम ने किया सरकार का पुतला दहन

संवाददाता

देहरादून। अंकिता भण्डारी हत्याकाण्ड के दोषियों को कडी सजा दिलाने व बिगडती कानून व्यवस्था के खिलाफ सीपीएम ने प्रदर्शन कर सरकार का पुतला फूंका।

आज यहां मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने अंकिता हत्याकांड के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने तथा मुकदमे को फास्टट्रेक कोर्ट में चलाने तथा राज्यभर में बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर गांधी पार्क के पास सरकार का पुतला दहन किया। इस अवसर पर अपराधियों को संरक्षण देने पर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की तथा अपराधियों को सरकारी संरक्षण पर आपत्ति जताई तथा मुख्य आरोपी के पिता भाजपा के पूर्व राज्य मन्त्री को भी जांच के दायरे में रखने की मांग की है। पार्टी ने इस प्रकार के सभी रिजोर्टों,होटलों तथा संदिग्ध स्थानों पर कड़ी नजर रखने की भी मांग की है। इस अवसर वक्ताओं ने कहा है कि राज्य में बढ़ रहे नशे तथा अपराधों पर चिन्ता व्यक्त की हैइस अवसर पर पार्टी के राज्यकमेटी सदस्य एवं पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष शिवप्रसाद देवली, अनन्त आकाश ,सीटू महामंत्री लेखराज, रविन्द्र नौडियाल ,विजय भट्ट ,कलम सिंह लिंगवाल ,उदयराम ममगाई ,मामचंद ,शराफत अली ,सुरेंद्र सिंह बिष्ट, राजू आदि ने विचार व्यक्त किय।



# पीठ की नस में दर्द से छुटकारा दिलाएंगे घरेलू उपाय



कमर दर्द की समस्या लोगों में बहुत आम है। हम में से ज्यादातर लोग पीठ में दर्द की समस्या का आए दिन सामना करते हैं। खराब पॉश्चर, फिजिकल एक्टिविटी न करना और ज्यादा भार उठाना पीठ दर्द के कुछ आम कारण हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं, कमर की नसों में सूजन और दर्द के कारण भी पीठ दर्द की समस्या होती है? जी हां, आपने बिल्कुल सही पढ़ा! नसों में ब्लॉकेज, सूजन और दर्द होने पर भी पीठ दर्द की समस्या होती है। लोग इसे अक्सर सामान्य दर्द समझकर इससे छुटकारा पाने के लिए तरह-तरह के उपाय करने में लगे रहते हैं। लेकिन दर्द से आराम नहीं मिलता है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि नसों में दर्द होने पर आपको सामान्य उपायों या पेन किलर्स से राहत नहीं मिल सकती है।

अब सवाल यह उठता है कि पीठ की नस में दर्द से छुटकारा पाने के लिए आप क्या कर सकते हैं? वैसे तो आप कुछ घरेलू नुस्खों से पीठ में नसों के दर्द से आसानी से छुटकारा पा सकते हैं। लेकिन नसों में दर्द से छुटकारा पाने के लिए आपको पहले नसों में दर्द के कारण को समझना जरूरी है। इस लेख में हम आपको पीठ की नसों में दर्द के कारण और इससे छुटकारा पाने के घरेलू उपाय बता रहे हैं।

कमर की नस में दर्द में क्या होता है

नसों में दर्द की समस्या खराब ब्लड सर्कुलेशन और फ्लो के कारण होती है, जिससे नसों में ब्लड का संचार सुचारू रूप से नहीं हो पाता है। इससे नसों में ब्लड इकट्ठा या जमा होने लगता है और नसों में ब्लॉकेज का कारण बनता है। इससे जब नसें ब्लॉक हो जाती हैं, तो इससे नसों में सूजन होने लगती है। जिससे नसों में गंभीर दर्द होता है, जो आपकी पीठ से लेकर गर्दन और कूल्हों तक होता है। इससे लोगों को काफी असहजता का सामना करना पड़ता है और उठने-बैठने, लेटने से लेकर दिनभर के सामान्य कार्य करना भी मुश्किल हो जाता है।

पीठ की नस में दर्द के घरेलू उपाय

1. सिकाई करें

आप पीठ में दर्द वाले हिस्से की गर्म या ठंडी सिकाई कर सकते हैं। यह सूजन को कम करने और ब्लड फ्लो को बेहतर बनाने का एक प्रभावी और बहुत आसान तरीका है। इससे सूजन कम कम होती है और दर्द से जल्द राहत मिलती है।

2. योग का अभ्यास करें

योग में ऐसे कई आसान हैं जो नसों और मांसपेशियों को स्ट्रेच करने, सूजन को कम करने, ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाने के साथ ही दर्द से छुटकारा दिलाने में मदद करते हैं। भुजंगासन, अपानासन योग, अधोमुख श्वान आसन, सुप्त पादांगुष्ठासन, शलभासन योग आदि नसों में दर्द और सूजन को कम करने के लिए कुछ प्रभावी योगासन हैं।

3. दर्द से प्रभावित हिस्से की मालिश करें

मालिश करने से नसों और मांसपेशियों की सूजन कम होती है। मालिश के लिए आप सरसों के तेल का प्रयोग करनें, यह दर्द से राहत प्रदान करने में बहुत प्रभावी है। बस सरसों के तेल में हल्दी या लहसुन डालकर गर्म कर लें और इसके बाद प्रभावित हिस्से की अच्छी तरह मालिश करें। इससे दर्द में बहुत आराम मिलेगा।

4. एक्सरसाइज करें

एक्सरसाइज करने से नसों में खून दौड़ने लगता है। हालांकि अगर आपको गंभीर दर्द हो रहा है तो सिर्फ स्ट्रेचिंग वाली एक्सरसाइज करें,ज्यादा भार न उठाएं। अगर आप नियमित एक्सरसाइज करते हैं, तो इससे भी नसों में दर्द की समस्या नहीं होती है। इसलिए कोशिश करें कि रोजाना 30 मिनट एक्सरसाइज जरूर करें।

5. दूध में हल्दी मिलाकर पिएं

एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीइन्फ्लेमेटरी गुणों से भरपूर हल्दी, सूजन और दर्द का प्रभावी उपचार है। यह ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाने में मददगार है। कोशिश करें इसे अपने भोजन में शामिल करें, गर्म पानी में डालकर पिएं या हल्दी वाले दूध का सेवन करें। इससे दर्द से जल्दी राहत मिलेगी।

6. ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाने वाले फूड्स खाएं

जंक और प्रोसेस्ड फूड्स के सेवन के बजाए संतुलित और पोषक तत्वों से भरपूर आहार लें। जिससे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। ब्लूबेरी, क्रैनबेरी, ब्लैकबेरी, रैस्पबेरीज, स्ट्रॉबेरीज जैसे फूड्स को डाइट में शामिल करें। प्रोटीन से भरपूर फूड्स खाएं, फल-सब्जियां ज्यादा खाएं और घी जैसे हेल्दी फैट्स डाइट मेंजरूर शामिल करें। इससे नसों में दर्द की समस्या को रोकने में मदद मिलेगी। (आरएनएस)

शीर्ष्णःशीर्ष्णो जगतस्तस्थुषस्पतिं समया विश्वमा रजः।
सप्त स्वसारः सुवितायं सूर्यं वहन्ति हरितो रथे।।
(ऋग्वेद ७-६६-१५)

स्वयं प्रकाशित परमेश्वर जंगम और स्थावर जगत का स्वामी है। मनुष्य पांच ज्ञानेंद्रियों, छठा मन, और सातवीं बुद्धि द्वारा उस परमेश्वर के ज्ञानमय प्रकाश को प्राप्त करता है।

The self-refulgent God is the lord of the movable and immovable worlds. A person receives the light of knowledge of the Supreme Lord through the five senses, the sixth mind, and the seventh intellect. (Rig Veda 7-66-15)

# केजरीवाल की राष्ट्रीय राजनीति का तरीका



दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की राष्ट्रीय राजनीति का अपना तरीका है। दिल्ली में बैठ कर बयानों के जरिए या चिट्ठी आदि लिख कर राष्ट्रीय राजनीति कर रहे हैं। दिल्ली में चूंकि देश के हर राज्य के लोग रहते हैं तो इससे भी उनको लगता है कि वे दिल्ली में देश भर की राजनीति कर रहे हैं। जैसे उन्होंने गुरुवार को ओणम के मौके पर एक पेज का विज्ञापन छपवाया और बधाई दी। ओणम दक्षिण भारत और खास कर केरल का त्योहार है लेकिन दिल्ली में केजरीवाल ने एक पन्ने का विज्ञापन दिया और साथ ही मलयालम भाषा में ट्विट करके भी बधाई दी। इस तरह उन्होंने केरल की राजनीति कर ली। इस तरह के विज्ञापनों से वे और भी राज्यों की राजनीति करते रहते हैं। विज्ञापन का अस्त्र वैसे तो हर राज्य सरकार के पास है, लेकिन दिल्ली सरकार ने उसको ब्रह्मास्त्र बना लिया है।

इसी तरह उन्होंने प्रधानमंत्री को एक चिट्ठी लिखी, जिसमें कहा कि देश के ८० फीसदी स्कूल कबाड़खाना बन गए हैं उनकी स्थिति जर्जर है। अब सवाल है कि इसमें प्रधानमंत्री क्या करें? शिक्षा राज्य सरकार का विषय होता है इसलिए अरविंद केजरीवाल के पास अगर कबाड़ बन गए स्कूलों का कोई सर्वे है, उनका डाटा है तो उस आधार पर उनको राज्यों के मुख्यमंत्रियों को चिट्ठी लिखनी चाहिए थी। वे राज्यों के मुख्यमंत्रियों और शिक्षा मंत्रियों को चिट्ठी लिख कर बताते कि किस राज्य में कितने स्कूल कबाड़खाना हो गए हैं। लेकिन उससे राष्ट्रीय राजनीति नहीं होती इसलिए उन्होंने सीधे प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखी। वे बात बात पर सीधे प्रधानमंत्री को निशाना बनाते हैं ताकि उनकी पार्टी कह सके कि केजरीवाल का मुकाबला मोदी से ही है। (आरएनएस)

# किशोर ने टिहरी बांध से संबंधित पुनर्वास व अन्य समस्याओं के निराकरण को लिखा पुनर्वास निदेशक को पत्र

कार्यालय संवाददाता

टिहरी। विधायक किशोर उपाध्याय ने टिहरी बाँध से सम्बन्धित पुनर्वास से सम्बन्धित समस्याओं का लगभग तीन दशक का समय व्यतीत होने पर भी निराकरण न होने पर क्षोभ व्यक्त करते हुये पुनर्वास निदेशक को पत्र लिखकर एक माह में समस्याओं के निराकरण हेतु कहा है। उपाध्याय ने कहा है कि दो-दो मुख्यमन्त्रियों की स्पष्ट घोषणाओं के बावजूद भी अभी तक अतिरिक्त भूमि पर कब्जे का नियमतीकरण, पानी-बिजली बिलों की माफी, हनुमन्त राव कमेटी की संस्तुतियों के अनुसार विस्थापन की समस्याओं का निराकरण और अन्य विस्थापन के विषयों पर एक माह के उपरान्त बैठक आहूत करने को कहा है। उपाध्याय ने कहा कि नई टिहरी शहर और विस्थापित अन्य जगहों को विभिन्न संस्थाओं द्वारा बिना सोचे विचारे अधिग्रहण करने से विकट स्थिति हुई है। उपाध्याय ने कहा है कि जिन लोगों की पुनर्वास से सम्बन्धित समस्यायें हैं यथाशीघ्र पुनर्वास निदेशक को लिखित में भेज दें, जिससे उनकी समस्याओं का निराकरण हो सके और भविष्य में आहूत की जा रही बैठक का सकारात्मक परिणाम निकले। उपाध्याय ने कहा कि समन्वय समिति में जन प्रतिनिधियों को शामिल किया जाना चाहिये और वे इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री व सम्बन्धित मन्त्री से वार्ता करेंगे।



# बेटियों की सुरक्षा के लिए बने सख्त कानून: गुल मौहम्मद

संवाददाता

देहरादून। बेटी है तो परिवार है जागरूकता अभियान के अध्यक्ष गुल मौहम्मद ने कहा कि सरकार को बेटियो की सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाने चाहिए। आज यहां बेटी है तो परिवार है जागरूकता अभियान के अध्यक्ष गुल मोहम्मद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अंकिता भण्डारी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा अंकिता भण्डारी हत्या कांड के अपराधियों को कानून कड़ी से कड़ी सजा दे ताकि भविष्य में कोई ऐसा अपराध करने के लिए सौ बार सोचे। गुल मोहम्मद ने भाजपा सरकार पा आरोप लगाते हुए कहा भाजपा बेटियों के नाम सिर्फ राजनीति कर रही है और कुछ नहीं भाजपा सरकार को बेटी बचाओ बेटी पढाओ नारे के बजाय बेटियों की सुरक्षा के लिए कड़े कड़े फैसले व सख्त कानून बनाने चाहिए ताकि बेटियां अपने आप को सुरक्षित मेहसूस कर सकें। बेटियां समाज की धुरी होती है हमें बेटियों का होसला अफजाई व सम्मान करना चाहिए। आज समाज में बेटियां अपनी पूरी मेहनत लग्न से अपने आपको मजबूत कर अपने परिवार का नाम रोशन कर रहीं हैं व समाज में अपनी सेवाएँ दे रहीं है। वहीं समाज में गलत मानसिकता लोग भी है जिनकी नजर हमारी बहन बेटियों पर है हमें खुद आगे आकर बहन बेटियों की सुरक्षा की आवाज को बुलंद करना चाहिए ताकि ऐसे अपराधों को रोका जा सके।

# हेलंग घटना की जांच व भू-कानून बनाने की मांग को लेकर धरना

संवाददाता

देहरादून। हेलंग प्रकरण की जांच कराने व प्रदेश में भूकानून लागू करने की मांग को लेकर हेलंग एटजुटता मंच व भूकानून संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले महिलाओं ने गांधी पार्क के बाहर धरना दिया।

आज यहां काफी संख्या में आंदोलनकारी महिलाएं व पुरूष गांधी पार्क के बाहर एकत्रित हुए जहां पर उन्होंने हेलंग एकजुटता मंच व भूकानून संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले धरना दिया। उनका कहना था कि 15 जुलाई को हेलंग गांव की 56 वर्षीय मंदोदरी देवी उनकी बहू व अन्य महिलाएं घास काटकर आ रही थी तभी उनको पुलिस व सीआईएसफ के जवानों ने उनके साथ अभद्रता करते हुए उनके सिर पर रखी घास को छीन लिया यही नहीं उनकी देवरानी व उसकी दो साल की बच्ची को गाडी में बैठा लिया था। जब इस घटना की वीडियो वायरल हुई।

यही नहीं पुलिस ने महिलाओं पर शराब पीकर हंगामा करने व लोगों को भडकाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया। उनका कहना था कि इस घटना के पीछे जल विद्युत परियोजना बना रही टीएचडीसी कम्पनी का हाथ है। जब इस घटना का वीडियो वायरल हुआ तो दर्जनों आंदोलनकारियों ने हेलंग एकजुटता मंच का घटन कर सैकडो आंदोलनकारी हेलंग पहुंचे थे। हेलंग में आन्दोलनकारियों के बीच पांच मांगों को लेकर सहमति बनी थी जिसमें चमोली के जिलाधिकारी को हटाने, जमीन फर्जी तरीके से कम्पनी को दिये जाने की जांच, अलकनंदा में मलबा फेंकने के मामले में कम्पनी के खिलाफ मुकदमा, महिलाओं से अभद्रता करने वालों के खिलाफ कार्यवाही तथा 15 जुलाई को हुई घटना की न्यायिक जांच कराये जाने की मांग की गयी थी। जो अभी तक जारी है। जब तक सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती है यह धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

# योग से शरीर, विचार हमेशा स्वस्थ सकारात्मक रहते हैं: जोशी

संवाददाता

देहरादून। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि शरीर और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करना चाहिए।

आज यहां प्रदेश के कृषि व कृषक कल्याण, सैनिक कल्याण एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के कौलागढ़ रोड़ स्थित महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज ओएनजीसी कैंपस में आयोजित द्वितीय देहरादून जिला योगासन स्पोर्ट्स चौंपियनशिप कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा योगासन भी किया गया।




इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के कारण आज योग जन-जन तक पहुंचा है और लोगों में योग के प्रति उत्साह बढ़ता जा रहा है।

मंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज योग को विश्व के कोने कोने में पहुंचाया है। प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृव में सरकार योग को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। जोशी ने कहा कि शरीर और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा योग का अभ्यास शरीर, श्वास और मन को जोड़ता है। साथ ही योग से शरीर विचार हमेशा स्वस्थ सकारात्मक रहते हैं।

इस अवसर पर संयोजक डॉ सुरेंद्र प्रसाद रयाल, डॉ राकेश सेमवाल, डॉ अजय गौड़, हरीश जोहर, सीमा जोहर, ओम प्रकाश, मीनाक्षी राणा, दीपिका खंतवाल, पूनम चौहान, हर्षित शर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# घर से लाखों के जेवरात व नगदी चोरी

संवाददाता

देहरादून। घर से लाखों के जेवरात व नगदी चोरी के होने के मामले में पुलिस ने एक युवक पर शक के आधार पर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हरभजवाला निवासी अनुराग तिवारी ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह परिवार के साथ बाहर गया था।

रात्रि में जब वह वापस आया तो उसने देखा कि उसके मकान में सारा सामान बिखारा हआ है घर से बीस हजार रूपये नगर व सोने के जेवरात गायब थे। उसने शक जाहिर किया कि उसके घर से अरमान नामक युवक चोरी करके ले गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# चोरी की 11 मोटर साईकिलों सहित दो शातिर गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। बाइक चोरी की कई घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो शातिरों को चुरायी गयी 11 बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया है।



जानकारी के अनुसार बीते रोज कोतवाली नगर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में दो बाइक चोर चुरायी गयी बाइक सहित आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को रोड़ीबेलवाला के समीप बाइक सवार दो संदिग्ध आते हुए दिखायी दिये। पुलिस ने जब उन्हे रोकना चाहा तो वह बाइक मोड़कर भागने लगे। इस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया। पूछताछ में उन्होने उक्त बाइक चोरी का होना कबूल करते हुए अपना नाम शिवम पुत्र गंभीर निवासी दुर्गागढ़ पथरी व मोहित पुत्र हीरालाल निवासी शिवगढ़ पथरी बताया। बताया गया कि यह बाइक हमने लगभग 1 माह पूर्व कृष्ण कुंज हरिद्वार के पास से चोरी की थी जिसको हम बेचने की फिराक में थे इसका रंग काला था इसलिए हमने इसका सामान बदलकर रंग काली से सिल्वर कर दिया है। सख्ती से की गयी पूछताछ में उन्होने बताया कि उनके द्वारा हरिद्वार एवं पौड़ी गढ़वाल से कई मोटर साईकिलो को पिछले दो तीन माह में चुराया गया है। बताया कि उन्होंने चोरी की 10 बाइक गुज्जरबस्ती हरियाणा टापू की झाडियों में छिपा रखी है। जिन्हे पुलिस ने उनकी निशानदेही पर बरामद कर लिया है।

# राजकीय प्राथमिक विद्यालय में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

संवाददाता

देहरादून। राजकीय प्राथमिक विद्यालय में छात्रों ने खेल-कूद प्रतियोगिता में बढ चढकर भाग लिया।

आज यहां समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय चुक्खुवाला-2, संकुल केंद्र चुक्खुवाला, देहरादून में प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं का खेल-कूद, 50, 100, 200 मीटर की दौड़, खो-खो, कबड्डी, अंताक्षरी, सुलेख, कविता, मानचित्र का प्रदर्शन तथा उत्तराखंड की लोक संस्कृति पर आधारित लोक नृत्य की प्रस्तुतियां राजकीय प्राथमिक विद्यालय इंदिरा कॉलोनी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय डोभालवाला, राजकीय प्राथमिक विद्यालय-चुक्खुवाला के 1 एवं 2 के मध्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं ने बहुत सुंदर प्रदर्शन किया तथा लोक नृत्यों की प्रस्तुति दी, कार्यक्रम को सफल बनाने में राजकीय प्राथमिक विद्यालय इंदिरा कॉलोनी की शिक्षिका सुश्री ललिता



नौडियाल, शैल कला एवं ग्रामीण विकास समिति के संस्थापक अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता स्वामी एस चंद्रा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय डोभालवाल की अध्यापिका श्रीमती उषा थपलियाल, राजकीय प्राथमिक विद्यालय चुक्खूवाला-1 से अध्यापिका श्रीमती ज्योत्सना नैथानी तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय चुक्खूवाला-2 से शालिनी नाहिद, नीतू, निशी सूद, अनुपमा भारती, रेनू बाला, बालेश्वर, सुनीता चौधरी, शकाना सुल्तान, कांता सिंह तथा भोजन माता श्रीमती अंजना देवी, रामदुलारी तथा रिंकी देवी ने भरपूर सहयोग किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया, सरकार के द्वारा कार्यक्रम को करने का मुख्य उद्देश्य बाल्य-काल से ही सीखने और समझने के प्रति रुझान पैदा करना है। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता स्वामी एस. चंद्रा ने कहा इस प्रकार के आयोजन से छात्र-छात्राओं के अंदर इच्छा शक्ति बढ़ती है तथा खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा अपनी संस्कृति को जानने का प्रयास करते हैं, इस अवसर पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसे सभी ने सराहा, प्रतियोगिता में प्रथम विजेताओं को ब्लाक स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता हेतु भेजा जायेगा।



# भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाए बूस्टर डोज

कार्यालय संवाददाता

उत्तरकाशी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आज भाजपा उत्तरकाशी के कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल उत्तरकाशी पहुंचकर बूस्टर डोज लगाए और अनेक लोगों को जिन्होंने अभी तक बूस्टर डोज नही लगाए हैं प्रेरित किया ।

कोविड वैक्सीनेशन तथा कोविड योद्धा सम्मान में अनेक डॉक्टर्स नर्सेज तथा आशा कार्यकत्री बहनों का माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता लोकेंद्र बिष्ट जी ने कोविड महामारी के काल में कोविड़ योद्धाओं के योगदान की सराहना की,और भाजपा संगठन के कार्यकर्ताओं की भूमिका की भी प्रसंसा की। श्री कत विजलवान जी ने सम्मान के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया और मोदी जी के कुशल नेतृत्व में देश अनेक कीर्तिमान स्थापित कर रहा है इस पर प्रसन्नता व्यक्त की।

इस अवसर पर नगर संयोजक इंद्रेश उप्पल, सूरत गुसाई, पूर्ण मटुरा, खुशपाल पंवार,कौर सिंह बिष्ट, श्रीमती जलमा राणा, श्रीमती अनिता राणा,श्रीमती संतोषी ठाकुर,श्रीमती सरिता पड़ियार,श्रीमती रेनू अरोड़ा,श्रीमती सावित्री मखलौगा,रामभजन भट्ट,मनोज चौहान,अविनाश रावत ललित रावत,सहित अनेक मेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।

# एसएफआई ने डीएवी कालेज में अंकिता मामले पर सरकार का पुतला फूंका

संवाददाता

देहरादून। अंकिता भण्डारी हत्याकाण्ड के दोषियों को कडी सजा देने व मुकदमें को फास्टट्रेक कोर्ट में चलाने की मांग को लेकर एसएफआई ने डीएवी कालेज में भाजपा सरकार का पुतला दहन किया।

आज यहां अंकिता हत्याकांड के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने तथा मुकदमे को फास्टट्रेक कोर्ट में चलाने तथा राज्यभर में बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ जोरदार नारे लगाते हुए महाविद्यालय में बीजेपी सरकार का पुतला घुमाया व महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर का पुतला दहन किया। इस अवसर पर अपराधियों को संरक्षण देने



पर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की तथा अपराधियों को सरकारी संरक्षण पर आपत्ति जताई तथा मुख्य अभियुक्त के पिता भाजपा के पूर्व राज्य मन्त्री को भी जांच के दायरे में रखने की मांग की है। एस एफ आई ने इस प्रकार के सभी रिजोर्टो,होटलों तथा संदिग्ध स्थानों पर कड़ी नजर रखने की भी मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष नितिन मलेठा ने कहा कि यह घटना शासन प्रशासन की मदद के बिना सम्भव नही है राज्य में बढ़ रहे नशे तथा अपराधों पर चिन्ता व्यक्त की है। राज्य कमेटी सदस्य सुप्रिय भंड़ारी ने कहा उत्तराखंड एक शांतिपूर्ण राज्य रहा है लेकिन जब जब भाजपा सरकार में आती है तो इस तरह की घटनाएं बढ़ती जाती है। इस अवसर पर राज्य सचिव हिमांशु चौहान, इकाई सचिव अमन कंडारी, इकाई उपाध्यक्ष सोनाली नेगी, मनोज कुंवर साक्षी,प्रदीप,मुकु,सवि सामवेदी, निशा,पायल, सिमरन, अंशुल कंडारी आदि लोग मौजूद रहे।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# दिल को रखना है हेल्दी तो डॉग से करें दोस्ती



कई स्टडीज में सामने आ चुका है कि पालतू जानवर का होना व्यक्ति की सेहत को कई तरह से फायदा पहुंचा सकता है। अब हाल ही में अमेरिका में हुई एक रिसर्च में सामने आया है कि अगर आपके पास पातलू जानवर के रूप में डॉग है तो इससे दिल को सेहतमंद बनाए रखने में ज्यादा मदद मिलती है।

मेयो क्लिनिक प्रोसीडिंग्स-इनोवेशन, चॉलिटी ऐंड आउटकम्स में प्रकाशित स्टडी के लिए शोधकर्ताओं ने 1,769 लोगों पर रिसर्च की। इनमें से कोई भी पहले से दिल की बीमारी का मरीज नहीं था। इनमें उन लोगों को शामिल किया गया जिनके पास पेट्स थे और नहीं थे। रिसर्च के दौरान इन सभी की बॉडी मास इंडेक्स, डायट, फिजिकल ऐक्टिविटी, स्मोकिंग स्टेटस, ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्लूकोज और कलेस्ट्रॉल के पॉइंट्स पर मार्किंग दी गई। शोधकार्ताओं ने इसके बाद स्टडी में शामिल पेट ओनर्स की कार्डियोवस्क्युलर हेल्थ की तुलना उन लोगों से की जिनके पास पातलू जानवर नहीं थे।

इस दौरान सामने आया कि वे लोग जिनके पास पालतू जानवर थे उनकी दिल की सेहत उन लोगों के मुकाबले ज्यादा अच्छी थी जिनके पास कोई भी पेट नहीं था। खासतौर से ऐसे लोग जिनके पास पेट के रूप में डॉग था उनका दिल ज्यादा सेहतमंद पाया गया। इसके पीछे की वजह यह मानी जा रही है कि डॉग्स अन्य पालतू जानवरों के मुकाबले ज्यादा फिजिकली ऐक्टिव होते हैं जिससे उनके ओनर्स भी ऐक्टिव बने रहते हैं, यह उनकी दिल की सेहत को बनाए रखने में मदद करता है।

स्टडी के मुताबिक, डॉग के कारण मेंटल स्ट्रेस कम करने और समाज में घुलने-मिलने की समस्या भी दूर होती है। ये फैक्टर्स दिल की सेहत को भी प्रभावित करते हैं। इनमें पॉजिटिव चेंज हार्ट के लिए काफी अच्छा साबित हुआ है।

# घुटनों के दर्द में फायदेमंद है नोनी जूस

इन दिनों नोनी जूस की काफी चर्चा हो रही है। नोनी जूस इसी नाम के एक ट्रॉपिकल एवरग्रीन प्लांट के फल से बनता है। दक्षिणी और दक्षिण-पूर्वी एशिया में पाए जाने वाले नोनी नाम के पौधे को इंडियन मलबरी के नाम से भी जाना जाता है। नोनी का जूस इसलिए पॉप्युलर हो रहा है क्योंकि सेहत के लिए इसके ढेरों फायदे हैं। आइए जानते हैं इनके बारे में:



**कई बीमारियों में फायदेमंद**

नोनी के जूस में प्रचुर मात्रा में ऐंटी-ऑक्सिडेंट्स, विटमिन सी, विटमिन बी3, विटमिन ए और आयरन होता है। चूंकि यह बॉडी के कई हिस्सों पर एक साथ असर दिखाता है इसलिए इसे जादुई ड्रिंक के नाम से भी जाना जाता है।

**स्किन के लिए बेस्ट मॉइश्चराइजर, रखे हमेशा जवां**

चूंकि नोनी जूस में ढेर सारे ऐंटी-ऑक्सिडेंट्स होते हैं इसलिए यह स्किन के लिए बेहतरीन मॉइश्चराइजर का काम करता है। इसे रोजाना स्किन पर लगाने से वह हेल्दी और ग्लोइंग बनती है।

**आर्थराइटिस के मरीजों के लिए वरदान**

जो लोग आर्थराइटिस से पीड़ित हैं, उनके लिए नोनी जूस बेहद फायदेमंद है। यह घुटनों के दर्द को भी दूर करता है।

**कैंसर से बचाव करता है नोनी जूस**

नैशनल सेंटर फॉर कॉम्प्लिमेंटरी ऐंड इंटिग्रेटेड हेल्थ के अनुसार, नोनी जूस में ऐसे तत्व होते हैं जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं और ट्यूमर से लड़ने में भी मदद करते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -75

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ |
| 6 | 7 | | 8 | ■ | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | 11 | 12 | 13 | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | | 18 | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 20 | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 74 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

# पोन्नियिन सेलवनः 1 में मेरा चरित्र जितना छोटा उतना ही महत्वपूर्ण है : अभिनेता पार्थिबन

जाने-माने तमिल अभिनेता पार्थिबन ने कहा है कि निर्देशक मणिरत्नम की बहुप्रतीक्षित फिल्म पोन्नियिन सेलवन 1 में उनका किरदार भले ही छोटा हो, लेकिन महतव्पूर्ण है। फिल्म के हाल ही में आयोजित ऑडियो और ट्रेलर लॉन्च में भाग लेते हुए, जिसमें उन्होंने तंजौर किले के कमांडर प्रभारी, चिन्ना पजुवेत्तरैयार की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इसको लेकर पार्थिबन ने कहा, मेरा चरित्र उतना ही छोटा और महत्वपूर्ण है जितना कि एक पृष्ठ जो एक बुकमार्क के रूप में कार्य करता है।इसका मतलब बताते हुए उन्होंने कहा, जब हम एक किताब पढ़ते हैं, तो हम आमतौर पर एक पृष्ठ के शीर्ष कोने को मोड़ते हैं ताकि हमें पता चल सके कि हमने इसे पढ़ना कहाँ बंद कर दिया है।

चिह्न, जो आमतौर पर पाठक को उस बिंदु से फिर से शुरू करने में मदद करता है। वास्तव में पुस्तक को दो भागों में विभाजित करता है। इसी तरह, इस फिल्म में मेरा चरित्र भी, हालांकि छोटा है, महत्वपूर्ण होगा।

अभिनेता ने पोन्नियिन सेलवन के सेट पर एक मजेदार घटना भी सुनाई। उन्होंने कहा, निर्देशक सेल्वाराघवन की आयिरथिल ओरुवन में शास्त्रीय तमिल अच्छी तरह से बोलने से प्राप्त आत्मविश्वास के साथ, मैंने निर्देशक मणिरत्नम को एक लंबे अंदाज में एक शास्त्रीय तमिल संवाद देने की कोशिश की। हालांकि, निर्देशक, जो अपनी संक्षिप्तता के लिए जाने जाते हैं, ने मुझे नीचे गिरा दिया और इसके बजाय मुझे इसे सरल रखने के लिए कहा।अभिनेता ने अपने भाषण के दौरान अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन को भी बधाई दी और उनके काम की तारीफ की।

# रिलीज हुआ ओह माय घोस्ट का ट्रेलर, सनी के अवतार से फैंस हुए खुश

साउथ डायरेक्टर युवान की नई हॉरर कॉमेडी मूवी ओह माय घोस्ट का टीजर रिलीज हो चुका है। इस मूवी से अभिनेत्री सनी लियोनी तमिल फिल्म इंडस्ट्री में अपना डेब्यू करने जा रही है। ट्रेलर में सनी लियोन को मायासेना नाम की रानी का किरदार निभाते हुए देखा जा चुका है। यह उन्हें एक भूत के रूप में भी दिखाने वाला है । टीजर में सनी पूछती है- तुमने मुझे गाते और नाचते हुए देखा होगा। क्या तुमने मुझे एक्शन करते देखा है?

इस टीजर में सनी लियोनी जबरदस्त लुक और अंदाज दिखाई दे रहा है। एक महल में महारानी के रूप में सनी एंट्री लेती हैं और पूरे टशन के साथ राजगद्दी पर बैठ जाती है। टीजर में उन्हें सबसे हॉट भूत कहा गया है। जिसके उपरांत आप उन्हें गुलाब का फूल जलाते और स्विमिंग पूल में नहाते हुए देख सकते है। ग्लैमर का जलवा बिखेरने के उपरांत सनी लियोनी खौफनाक रूप ले लेती हैं।

इसके उपरांत सनी लियोनी ब्लैक आउटफिट में किसी को लात मारती हुई दिखाई देती है। उनके चेहरे पर गुस्सा देखने लायक है। फिर वह बरसते पानी वाले बैकग्राउंड में दोनों हाथों में तलवारें लिए दिखाई दे रही है। यह सीन सही में देखने लायक है। इसी के साथ मूवी की रिलीज की घोषणा कर दी है। फिल्म ओह माय घोस्ट नवंबर में रिलीज होगी।

# कई बार मुझे लगता है कि मैं बच्चा पैदा करना चाहती हूंः मृणाल ठाकुर

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने इस बारे में खुलकर बात की है कि वह प्यार में कैसे आगे बढ़ना चाहती हैं, वह एक साथी में क्या चाहती हैं और कैसे उन्हें कभी-कभी लगता है कि वह एक बच्चा पैदा करना चाहती हैं। अपने 3० के दशक में डेटिंग के बारे में कुछ पुरानी धारणाओं को खारिज करते हुए, अभिनेत्री मृणाल और श्रिया पिलगांवकर बम्बल की सीरीज डेटिंग दिस नाइट्स के दूसरे एपिसोड में 3० के दशक में डेटिंग कैसी दिखती है, इस बारे में खुलकर बात करते हुए दिखाई देंगी।

एपिसोड में मृणाल अपने पार्टनर में जो चाहती हैं उसे शेयर करती हैं। मुझे लगता है कि मेरे साथी के लिए यह समझना महत्वपूर्ण है कि मैं कहां से आ रही हूं, मेरे दिमाग में क्या चल रहा है और हम किस पेशे में हैं। हमारे चारों ओर इतनी असुरक्षा है, इसलिए मुझे अभी एक ऐसा व्यक्ति चाहिए जो सुरक्षित हो इसे अपनाने के लिए पर्याप्त है।

ऐसा बहुत कम होता है कि आप इस तरह के लोगों को पाते हैं।श्रिया ने इसे ऊर्जा जो समाप्त नहीं हो रही है के रूप में कहा है, जबकि मृणाल कहती हैं, मैं इस ऊर्जा को पिशाच बुलाती हूं !क्या आपको लगता है कि आपके जीवन में लोग आपको अपनी जैविक घड़ी की टिक टिक के बारे में जागरूक कर रहे हैं? श्रिया मृणाल से पूछती है, जिस पर वह जवाब देती है, कई बार मुझे लगता है कि मैं एक बच्चा पैदा करना चाहती हूं।

उनकी मां उनका कितना साथ देती है इस बारे में बोलते हुए, मृणाल ने साझा किया उन्होंने आश्चर्यजनक रूप से कहा कि भले ही मैं अपने अंडे फ्रीज करना चाहती हूं या सिंगल मदर बनना चाहती हूं, ठीक है। और मैंने सोचा वाह मां, यह अद्भुत है। (आरएनएस)

# बबली बाउंसर में नई चीजें सीखने को मिली : तमन्ना भाटिया



अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपनी आने वाली फिल्म बबली बाउंसर को लेकर अपना अनुभव साझा किया और बताया कि उन्होंने इस फिल्म के दौरान बहुत सारी नई चीजें सीखी हैं। बबली बाउंसर एक छोटे से शहर की रहने वाली बबली की कहानी है।

मधुर भंडारकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे बबली दिल्ली में बाउंसर के रूप में अपना करियर बनाने की कोशिश कर रही है। बबली के रूप में तमन्ना का किरदार बोल्ड और बहादुर है। बुलेट चलाती है, भारी वजन उठाती है और वह सब कुछ कर सकती है जो एक आदमी कर सकता है।

अपने किरदार के लिए उसने कैसे तैयारी की, इस बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने साझा किया, मैंने बुलेट चलाना सीखा, इससे पहले, मैंने स्कूटी की सवारी की थी। इसलिए, मुझे लगता है कि सबसे कठिन हिस्सा बुलेट की सवारी करना है क्योंकि यह एक बहुत भारी बाइक है, इसलिए मुझे इसके साथ सहज होने में थोड़ा समय लगा।

मैंने बीटबॉक्सिंग भी सीखी और इस तरह से कई सारी अलग अलग चीजें मैंने इसके लिए सीखी।स्टार स्टूडियोज और जंगली पिक्चर्स द्वारा निर्मित, बबली बाउंसर में तमन्ना भाटिया, सौरभ शुक्ला, अभिषेक बजाज और साहिल वैद के साथ प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

फिल्म का कॉन्सेप्ट, कहानी और स्क्रीनप्ले अमित जोशी, आराधना देबनाथ और मधुर भंडारकर ने किया है। बबली बाउंसर 23 सितंबर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी। (आरएनएस)

# फोटोशूट के लिए हुमा कुरैशी ने तोड़ी बोल्डनेस की सारी हदें

एक्ट्रेस हुमा कुरैशी जब भी पर्दे पर आती हैं, लोग उन्हें देखते ही रह जाते हैं. इसका एक कारण यह है कि वह अपने हर किरदार में पूरी तरह से खुद को ढाल लेती हैं. हुमा हमेशा से ही अपने रोल्स को लेकर बहुत बेबाक और बिंदास रहती हैं. उनकी यही बेबाकी उनके लुक्स में भी अक्सर देखने को मिलती रहती है. वक्त के साथ एक्ट्रेस काफी बोल्ड हो गई हैं.

हुमा को जहां एक के बाद एक नए प्रोजेक्ट्स ऑफर हो रहे हैं, वहीं अपने चाहने वालों के साथ वह सोशल मीडिया के जरिए भी जुड़ी रहने लगी हैं. ऐसे में लगभग हर दूसरे दिन एक्ट्रेस का एक नया अवतार देखने को मिलता रहता है. अब फिर से उन्होंने लेटेस्ट फोटोशूट की झलक शेयर की है. इस बार तो उन्होंने अपने सिजलिंग लुक से बोल्डनेस की सारी हदें ही तोड़ दी हैं. रेड आउटफिट में हुमा पर से नजरें हटाना भी मुश्किल हो गया है.

लेटेस्ट फोटोज में हुमा को रेड कलर की सिल्त थाई हाई स्लिट स्कर्ट और लॉन्ग शर्ट पहने देखा जा रहा है. इसके साथ उन्होंने मैचिंग की ब्रालेट कैरी कि है. हुमा ने इस अवतार में बोल्डनेस का तड़का लगाने के लिए शर्ट के सारे बटन खोल ब्रालेट लुक फ्लॉन्ट किया है.

यहां उन्होंने अपने इस अवतार को दिखाते हुए एक से एक पोज कैमरा के सामने दिए हैं. हुमा का ये लुक कुछ लोगों को हैरान भी कर रहा है. वहीं, हर शख्स उन्हें खूब पसंद भी कर रहा है.

हुमा ने अपने इस लुक को कंप्लीट करने के लिए रेड लिपस्टिक और न्यूड मेकअप रखा है. इस दौरान उन्होंने बालों की पॉनीटेल बनाई है. एक्ट्रेस ने इसके सात गोल्ड टू लेयर्ड चेन पहनी है. इस लुक में हुमा बेहद हॉट लग रही हैं. फैंस अब उनकी तारीफें करते नहीं थक रहे हैं. कुछ मिनटों में ही उनकी फोटोज पर हजारों लाइक्स आ चुके हैं. हुमा के वर्क फ्रंट पर नजर डालें तो इस समय उनके पास कई फिल्में कतार में हैं. जल्द ही वह मोनिका, ओ माय डार्लिंग, डबल एक्सएल, तरला और पूजा मेरी जान टाइटल से बन रही फिल्मों में नजर आने वाली हैं. हर फिल्म में हुमा का एक नया और अलग अवतार देखने को मिलने वाला है.

# गैंगस्टर फ्लिक पैरोल के ट्रेलर को मिली प्रभावशाली प्रतिक्रिया




अभिनेता विजय सेतुपति द्वारा हाल ही में जारी निर्देशक द्वारख राजा की आगामी गैंगस्टर एक्शन थ्रिलर, पैरोल के ट्रेलर को यूट्यूब पर एक मिलियन से अधिक बार देखा जा चुका है। दिलचस्प बात यह है कि विजय सेतुपति ने न केवल ट्रेलर के लिए अपनी आवाज दी है, बल्कि फिल्म में एक वॉयसओवर भी किया है।

यह पूछे जाने पर कि उन्होंने अभिनेता विजय सेतुपति को फिल्म के लिए वॉयसओवर करने के लिए कैसे कहा और निर्देशक द्वारख राजा कहते हैं, यह परियोजना हमारी पूरी टीम का एक सपना है। हर परिवार की एक कहानी है।

लेकिन पैरोल एक परिवार की अनकही और छिपी कहानियों के बारे में एक फिल्म है। कहानी उन रोमांचक घटनाओं के बारे में है जो तब होती हैं जब एक आदमी अपनी मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अपने बड़े भाई को पैरोल पर जेल से बाहर लाता है।

हालांकि फिल्म की भावनात्मक पारिवारिक पृष्ठभूमि है, लेकिन इसमें बहुत सारे एक्शन सीक्वेंस हैं। इसके अलावा, इसकी मनोरंजक पटकथा जीवन के सभी क्षेत्रों के दर्शकों का मनोरंजन करेगी।विजय सेतुपति सर ने न केवल ट्रेलर के लिए, बल्कि फिल्म के लिए भी वॉयसओवर दिया है।

मैंने फिल्म के पूरा होने के बाद इसकी स्क्रीनिंग की, और उन्हें यह बहुत पसंद आयाटीआरआईपीआर एंटरटेनमेंट के मधुसूदनन द्वारा निर्मित पैरोल के ट्रेलर को मिली प्रतिक्रिया ने निर्देशक को खुश कर दिया है, जिन्होंने कहा, पैरोल के ट्रेलर को दिल को छू लेने वाली प्रतिक्रिया देखकर बहुत खुशी होती है। फिल्म के ट्रेलर के भव्य स्वागत के बाद, दुनिया भर में पैरोल की नाटकीय रिलीज की तैयारी चल रही है। सूत्रों ने बताया कि फिल्म की रिलीज डेट को लेकर जल्द ही आधिकारिक घोषणा की जाएगी।(आरएनएस)

# भाजपा सरकार में बेटियां सुरक्षित नहीः लालचंद

नगर संवाददाता

देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि अंकिता भंडारी की हत्या में संलिप्त हत्यारों की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट से की जानी चाहिए जिससे जल्द ही फैसला जनता के सामने आयेगा और ऐसे लोगों के खिलाफ भी कार्यवाही की जानी चाहिए जो ऐसे रिजार्ट बनाने की अनुमति देते है।

उन्होंने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा सरकार में राज्य की कानून व्यवस्था लचर अवस्था में पहुँच गयी है। उन्होंने कहा कि आये दिन महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं घटित हो रही है उन्होंने कहा कि रातो रात जिस प्रकार से बिल्डिंग पर बुलडोजर चलाकर सबूत नष्ट करने का प्रयास किया गया है जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है यमकेश्वर ब्लॉक में घटित घटना से आज उत्तराखण्ड फिर शर्मसार हो गया है। पौडी जिले की बेटी अंकिता भण्डारी जो 15 दिन पहले भाजपा के नेता डॉ विनोद आर्य के रिसोर्ट में रिसेपनिस्ट के पद पर नौकरी में लगायी गयी थी और 15 ही दिन में डॉ विनोद आर्य के बेटे पुलकित आर्य ने उसका शोषण, रेप करके नहर फेंक दिया जिसे सुनकर आज हर किसी की रूह कांप रही है और घटना के चार दिन बाद भी उत्तराखंड की पुलिस सोई रही।

उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार में महिलाओं पर अत्याचार की घटनायें लगातार बढती जा रही हैं। भाजपा सरकार में अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा है। गंगा भोगपुर में भाजपा नेता के बिना अनुमति के चल रहे रिजार्ट में राज्य की बेटी अंकिता भण्डारी के साथ हुई जघन्य अपराध की घटना इसका जीता जागता उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता आरोपी पिता व पुत्र को थाने में बैठाकर चाय पिलाते रहे और पीड़ित मां की रिपोर्ट चार दिन से नहीं लिखी गई उन्होंने कहा कि इस राज्य और देश का क्या होगा। यह सोच का विषय है। उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या अपने राज्य की बेटियां अपने ही राज्य में सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ठीक नहीं है। जिस तरह से आरोपियों ने अंकिता भंडारी को चीला नहर में फेंककर हत्या की है। वह एक बहुत ही जघन्य अपराध है। पहाड़ की इस लड़की की हत्या करने वालों में एक भाजपा नेता का बेटा भी शामिल है। इससे साफ है कि भाजपा सरकार में महिला कितनी सुरक्षित है।

उन्होंने कहा कि कांगेस की मांग है कि अंकिता भंडारी के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। कानून व्यवस्था को चाकचौबंद किया जाए। महिलाओं की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाए जाएं अन्यथा कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी।

# गंगोत्री यात्रा पर दो दिनों के लिए रोक

कार्यालय संवाददाता



उत्तरकाशी। गंगोत्री यात्रा पर जिला प्रशासन ने आने वाले दो दिनों के लिए रोक लगा दी है। गंगोत्री आने वाले यात्रियों को उत्तरकाशी में ही रोक जा रहा है। दरअसल गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग उत्तरकाशी के भटवाड़ी से आगे हेल्गूगाड के पास पहाड़ी से भूस्खलन होने से बाधित था। 23 सितंबर को भारी मशक्कत के बाद जिला प्रशासन ने मार्ग को खोल उधर फंसे 5 हजार यात्रियों को सकुशल निकाल दिया था। लेकिन आज 24 सितंबर को फिर से भारी भूस्खलन और लगातार बोल्डर गिरने से गंगोत्री मढ़ डर से बंद हो गया।।एहतियात के तौर पर आज पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने गंगोत्री यात्रा पर दो दिनों तक रोक लगाने की आधिकारिक घोषणा की।

## शराब के साथ गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायवाला थाना पुलिस ने हरिपुर फ्लाईओवर के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 51 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम विष्णु पुत्र रामबहादुर निवासी हरिपुर कला बताया।

# एसटीएफ ने की नकल माफिया हाकम सिंह पर नकेल कसने की तैयारी

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद एसटीएफ ने नकल मालिया हाकम सिंह के बैंक खाते फ्रिज कर उसकी करोडों रूपयों की सम्पत्ति का ब्यौरा तैयार कर उसपर कानूनी कार्यवाही करने की तैयारी शुरू कर दी है।

मुख्यमंत्री उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी द्वारा नकल माफियाओं पर गैंगस्टर एक्ट में कार्यवाही कर अवैध संपत्ति का पता लगा कर सख्त कार्यवाही के लिए डीजीपी उत्तराखंड को निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देश पर डीजीपी अशोक कुमार द्वारा एसटीएफ को नकल माफियाओं पर सख्त कार्यवाही और अवैध संपत्ति की जांच के लिए लगाया गया था। एसटीएफ ने 21 अपराधियो पर गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज




## ❑बैंक खाते किये फ्रिज, करोडों की सम्पत्ति का ब्यौरा तैयार किया

कर कार्यवाही शुरू कर दी है,जिसमे नकल माफिया हाकम सिंह की बेनामी,अवैध संपत्ति की खोजबीन कर ली गई है। हाकम सिंह के तहसील मोरी में ग्राम सिदरी में निर्मित रिजॉर्ट और भवन की ज्वाइंट जांच(एसटीएफ व राजस्व पुलिस) में उपरोक्त रिजॉर्ट राज्य सरकार की भूमि पर साथ ही गोविंद वनजीय विहार,इपुरोला की जमीन पर अवैध निर्मित पाया गया है। इसके साथ ही दो सेब के बाग भी राज्य सरकार की भूमि को अतिक्रमित कर कब्जा किया जाना प्रकाश में आया है। उपरोक्त रिजॉर्ट का रजिस्ट्रेशन होम स्टे के लिए अप्लाई करने के उपरांत सही कागजात न होने पर अभियुक्त द्वारा नही कराया गया और अवैध संचालन किया जा रहा था। गैंगस्टर एक्ट के तहत हाकम के 7 बैंक अकाउंट का पता चला है जिसमे लाखो के ट्रांजेक्शन विगत वर्ष में हुए है,इन अकाउंट में अवैध धनराशि 16 लाख से अधिक को फ्रिज कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त करीब 5 हजार वर्ग मीटर भूमि कोटगांव,1250 वर्ग मीटर जमीन ग्राम भीतरी,3000 वर्ग मीटर से ज्यादा जमीन कोट गांव के पास साथ ही 2850 वर्ग मीटर जमीन भीतरी के पास,के साथ ही देहरादून में 1000 वर्ग मीटर जमीन पर देहरादून में तीन मंजिला मकान है के रिकॉर्ड एसटीएफ ने जांच में शामिल कर लिए है जिसकी अनुमानित कीमत करोड़ों में होने की संभावना है। चल संपत्ति में इनोवा गाड़ी के साथ अन्य के नाम कुछ वाहनों का पता भी चला है। समस्त अवैध रूप से अर्जित संपति पर शीघ्र कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## सू- दोकू क्र.75

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र.74 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# राजनैतिक दलों को चन्दे का मायाजाल

अजय दीक्षित

पिछले दिनों राजनैतिक दलों में शुद्धता को लेकर स्वयंसेवी संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स (ष्ठक्र) ने विभिन्न राजनैतिक दलों को प्राप्त चन्दे का विवरण प्रकाशित किया है ।

इस संस्था द्वारा जारी ऑकड़ों के अनुसार सन् 2००4-०5 से 2०2०-21 तक आठ राष्ट्रीय पार्टियों ने 15,०78 करोड़ रुपया पर अज्ञात स्रोतों से प्राप्त किया है । असल में बीस हजार तक चन्दे की प्राप्ति पर राजनैतिक दलों को स्रोत बताने की आवश्यकता नहीं होती । इसके अलावा एलोक्टोरल बाण्ड से प्राप्त चन्दे के स्रोत अर्थात् चन्दा दाता का नाम घोषित करना अनिवार्य नहीं है । असल में, एलोक्टोरल बाण्ड का प्रावधान मोदी सरकार ने तय किया था । इसे लोकसभा में मनी-बिल के रूप में प्रस्तुत किया गया और राज्यसभा से पारित हुए बिना बिल पर राष्ट्रपति की स्वीकृति ले ली गई । एलोक्टोरल बाण्ड असल में कोई भी बैंक से खरीद सकता है । बैंक को तो मालूम रहता है कि यह किस व्यक्ति या संस्था, या फर्म ने खरीदा है, परन्तु बाण्ड खरीदने वाला जब इसे किसी राजनीतिक दल को देता है तो वह अज्ञात होता है, उसे अपना नाम, पता, अपना पैन नम्बर आदि देने की आवश्यकता नहीं होती । असल में इस एलोक्टोरल बाण्ड वाला प्रावधान सुप्रीम कोर्ट में वैधता को लेकर विचाराधीन है, परन्तु अभी कई साल बीत जाने पर भी इस पर सुनवाई नहीं हुई है ।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म राइट्स एक गैर सरकारी स्वैच्छिक संस्था है जो देश में चुनाव व चुनाव प्रक्रिया में शुद्धता और शुचिता को लेकर कार्यरत है । इसकी एक रिपोर्ट के अनुसार सन् 2००5 से लेकर सन् 2०21 तक दो राष्ट्रीय पार्टियों - कांग्रेस और एन.सी.पी. ने 4,262 करोड़ रुपये चन्दे के रूप में कूपन बेचकर प्राप्त किये । कूपन खरीदने वाले का कोई अता-पता नहीं पूछा जाता । अत: इन से पार्टियों को मात्र कूपन बेचकर जो 4262 करोड़ रुपया मिला उसके स्रोत का कोई अता-पता चुनाव आयोग या इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को नहीं है ।

इसी संस्था की रिपोर्ट में बतलाया गया है कि पिछले सत्रह साल में आठ राष्ट्रीय पार्टियों - बी.जे.पी., कांग्रेस, एन.सी.पी., तृणमूल, सी.पी.एम., सी.पी.आई., बी.एस.पी. और नेशनल पार्टी ऑफ मेघालय को अज्ञात स्रोतों से कुल मिलाकर 15 हजार करोड़ रुपया चन्दा के रूप में मिला है । इसमें सबसे ज्यादा फायदा कांग्रेस और भाजपा को हुआ है । असल में सत्तारूपी पार्टी विभिन्न व्यापारिक कम्पनियों के लिए ऐसे नियम बनाती है, जिससे उन्हें करोड़ों का फायदा होता है । इसके बदले कम्पनी उस पार्टी को चन्दे के रूप में पैसा देती है । कानूनी दृष्टि से न सही, यह एक प्रकार की दलाली या रिश्वत है । एक मामूली सिपाही 1०० रुपये की वसूली के कारण नौकरी से निकाल दिया जाता है, पर अपने को खद्दर पहनकर गांधी का अनुयायी कहने वाले इस प्रकार की रिश्वतखोरी को बढ़ावा देते हैं फिर वे चाहे किसी भी पार्टी के क्यों न हों । असल में जब सांसदों या विधायकों की वेतन बढ़ाने का मसला आता है, या फिर भत्ते बढ़ाने की बात होती है तब पक्ष और विपक्ष एक हो जाता है और एक दूसरे की गलवाही करके अपने पक्ष में वेतन बढ़ा लेते हैं यानि अब देश सेवा भी सरकारी नौकरी हो गई है। सन् 2०2०-21 में एलोक्टोरल बाण्ड का 77% (यानि 25० करोड़) 27 क्षेत्रीय पार्टियों को मिला जिसमें शिवसेना, की.आर.एस., वाई.एस.आर. कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, बीजू जनता दल, डी.एम.के., जनता दल (सैकूलर), जनता दल (यूनाइटेड), असमगण परिषद, ऑल इण्डिया अन्ना डी.एम.के., ऑल इण्डिया फॉरवर्ड ब्लॉक, ऑल इण्डिया मुस्लिम मजलिस, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, महाराष्ट नवनिर्माण सेना, ऑल इण्डिया यू.डी.एफ. आदि शामिल है । असल में राजनैतिक दल अभी भी सूचना के अधिकार कानून के अन्तर्गत नहीं आते । अत: उनकी जनता के प्रति कोई जवाबदेही नहीं है जबकि राजनीति में हर कदम पर जनता को पूरा सच जानने का अधिकार है ।

# अंकिता हत्याकाण्डः दोषियों को फांसी की सजा की मांग को लेकर फूंका सरकार का पुतला

संवाददाता



हरिद्वार। अंकिता भण्डारी हत्याकाण्ड के दोषियों को फांसी देने की मांग को लेकर कांग्रेस ने प्रदर्शन कर सरकार का पुतला दहन किया।

आज यहां कांग्रेस कार्यकर्ता चंद्राचार्य चौक पर एकत्रित हुए जहां पर उन्होंने प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार का पुतला फूँका। कांग्रेसी नेता संजय पालिवाल ने मांग की है कि इस मामले जल्द से जल्द फास्टट्रेक कोर्ट का गठन कर अंकिता हत्याकाण्ड के दोषियों को फांसी की सजा दिलायी जाये। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष विमला पांडे ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार के राज में प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं बढती जा रही है। अंकिता हत्याकाण्ड से देवभूमि की छवि और भी ज्यादा धूमिल हो गयी हैं महानगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि पुलकित आर्य भाजपा के पूर्व राज्य मंत्री का बेटा है लेकिन बिना किसी दबाव के दोषियों को शीघ्र फांसी की सजा दी जाए।

## कार की चपेट में आकर बाईक सवार घायल

संवाददाता

देहरादून। कार की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार घायल हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासनगर निवासी देशराज अपनी मोटरसाईकिल से बाजार से घर की तरफ जा रहा था जब वह बदामावाला चौक पर पहुंचा तभी सामने से आ रही कार ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसको स्थानीय लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## लापता दूसरे किशोर का शव भी एसडीआरएफ ने किया बरामद

संवाददाता

देहरादून। टिहरी झील में डुबे दूसरे किशोर का शव भी एसडीआरएफ ने बरामद कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 सितम्बर 2022 को स्थानीय पुलिस द्वारा एसडीआरएफ को सूचित किया गया था कि जनपद टिहरी गढ़वाल में टिहरी झील कोटि कॉलोनी के पास 02 किशोर लापता हो गए है, जिनकी टिहरी झील में डूबने की संभावना है। उक्त सूचना पर एसडीआरएफ की फ्लड टीम द्वारा बोट के माध्यम से लगातार झील में सर्चिंग की जा रही थी। 21 सितम्बर को झील में सर्चिंग के दौरान एसडीआरएफ टीम द्वारा 30 फीट गहराई में डीप डाइविंग करते हुए एक किशोर आशीष कंडवाल पुत्र राम सिंह, निवासी - मकान नम्बर 35/5 ई ब्लॉक, नई टिहरी, कोतवाली नई टिहरी का शव ढूंढ लिया गया था जबकि दूसरे की सर्चिंग की जा रही थी। आज एसडीआरएफ टीम द्वारा पुनः टिहरी झील में गहन सर्चिंग के दौरान लापता दूसरे किशोर रक्षित पंवार पुत्र रमेश पंवार, निवासी नई टिहरी का शव भी बरामद कर लिया गया जिसे अग्रिम कार्यवाही हेतु सिविल पुलिस के सुपर्द किया गया।

## अंकिता मर्डर केस में सरकार का..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

भीड़ से बाहर निकाला गया। वहीं राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष को भी प्रदर्शनकारियों के विरोध का सामना करना पड़ा।

जनाक्रोश को शांत करने के लिए भले ही सरकार द्वारा इस अति जघन्य मामले में ताबड़तोड़ एक्शन लिए जा रहे हैं लेकिन जनाक्रोश भी लगातार बढ़ रहा है। भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा आरोपी पुलकित आर्य के पिता विनोद आर्य को पार्टी से निकाल दिया गया है वहीं उनके बड़े बेटे जो ओबीसी आयोग में अध्यक्ष पद पर (राज्यमंत्री) तैनात थे, को बर्खास्त कर दिया गया है। पूरा पुलिस प्रशासन अब अंकिता का जल्द से जल्द अंतिम संस्कार कराने की तैयारी में जुटा है जिससे जनाक्रोश शांत हो सके। एम्स में तीन डॉक्टरों की टीम द्वारा अंकिता का पोस्टमार्टम किया गया है। जिसका अंतिम संस्कार हरिद्वार में करने की तैयारी की जा रही है। एम्स प्रशासन का कहना है कि अंकिता की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आज देर शाम तक ही आ जाएगी। उधर आरोपी के रिजल्ट वंनतरा को सील कर आ गया है।

# अंकिता हत्याकांड मामले में उक्रांद ने किया सरकार का पुतला दहन

नगर संवाददाता




देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के जिला अध्यक्ष देहरादून दीपक रावत के नेतृत्व में अंकिता भंडारी हत्याकांड के दोषियों को फांसी की सजा देने के लिए उत्तराखंड क्रांति दल के सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्रित हुए और अपने गुस्से का इजहार करते हुए विवादित रिसॉर्ट में अन्य घटनाएं जिसमें हत्या और बलात्कार के संगीन अपराध होने की प्रबल संभावनाएं विद्यमान है जो पूर्व में अंजाम दी गई हैं उनके साक्ष्य को छुपाने के उद्देश्य हेतु बुलडोजर चलाने से काम चलने वाला नहीं है पुलिस को चाहिए कि वह साक्ष्य मिटाने के जुर्म और हत्या करने की साजिश रचने में विनोद आर्य और उनके पुत्र अंकित आर्य को नामजद कर जांच शुरू करें उत्तराखंड क्रांति दल द्वारा सरकार का पुतला दहन किया गया।

दीपक रावत ने इस घटना की घोर निंदा करते हुए कहा कि जहां एक ओर भाजपा सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे देती है वहीं दूसरी ओर इनके राज में बेटियां अब सुरक्षित नहीं है अंकिता जैसी बहुत सारी लड़कियां है जो ऐसी घटनाओं का शिकार हो चुकी है क्योंकि सरकार इस दिशा में कोई भी कठोर कदम नहीं उठा रही है लड़कियां घर से बाहर बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है देवभूमि उत्तराखंड में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति बार बार होना स्पष्ट करता है देवभूमि में अपराध दिनों दिन बढ़ता जा रहा है।

उन्होने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल सरकार को चेतावनी देता है कि यदि दोषियों को फांसी की सजा नहीं सुनाई गई तो दल उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। आरोपियों को कठोर सजा होना अति आवश्यक है तभी अपराधी अपराध करने से पहले 10 बार सोचेगा तथा भाजपा के सभी मंत्रियों व विधायकों की संपत्ति की जांच होनी चाहिए। केंद्रीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश उपाध्याय ने कहा कि सरकार को अंकिता के परिवार के लिए राहत राशि 50 लाख रूपये तत्काल जारी करने चाहिए और हत्या की साजिश रचने सच मिटाने के लिए विनोद आर्य और उनके पुत्र अंकित आर्य पर भी मुकदमा चलाया जाना चाहिए भाजपा सरकार अपने मंत्री और कार्यकर्ताओं पर मुकदमा नहीं दर्ज कर रही है जबकि साक्ष्य मिटाने में पुलिस को गुमराह करने में विनोद आर्य सम्मिलित रहे हैं। केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रमिला रावत ने कहा की महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार को उचित कदम उठाने होंगे। कार्यक्रम में रेखा मियां, राजेश्वरी रावत ,शकुंतला रावत ,प्रीति थपलियाल ,मीनू थपलियाल ,सरोज कश्यप ,मिथलेश चौहान, उत्तरा पंत बहुगुणा, सुलोचना सरोज रावत, सुनील ध्यानी, उत्तम रावत ,मोहन अस्वाल, संजय डोभाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## बैक कर्मचारी बनकर ठगे डेढ लाख रूपये

संवाददाता

देहरादून। बैक कर्मचारी बन डेढ लाख रूपये ठगने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार झण्डा बाजार निवासी अनमोल जैन ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके फोन पर कॉल आयी तथा कॉल करने वाले ने अपने आपको एचडीएफसी बैंक का कर्मचारी बताया। उसने उसको रिवार्ड एप्लीकेशन डाउनलोड करने के लिए कहा। उसने जैसे ही एप्लीकेशन डाउनलोड की तो उसके खाते से डेढ लाख रूपये निकल गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# प्रथम बार उत्तर व पूर्वी पूजा पद्धति से होगा भव्य आयोजन

संवाददाता




देहरादून। दिगम्बर राजेश पुरी ने बताया किकार्यक्रम की खासियत यह है की प्रथम बार उत्तर भारत एवम पूर्वी भारत की पूजा पद्धति का संयुक्त मिलान कर आयोजन किया जा रहा है।

आज यहां पत्रकारों से वार्ता करते हुए दिगंबर राजेश पुरी महाराज ने बताया कि श्री श्री 108 महंत रवीन्द्र पुरी जी महाराज के सानिध्य में देव भूमि उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में प्रथम बार इस तरह की पूजा का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें कोलकाता से विद्वान ब्राह्मणों को बुलाकर यह पूजन संपन्न कराया जाएगा। 26 सितम्बर की प्रातः चार से महालय पर माँ शक्ति के महिषासुर मर्दानी स्वरुप का आवाहन किया जाएगा।

विद्वान आचार्य अवधेश भगत की वाणी में यह पहला अवसर है जब लक्ष्मण चौक को भव्य तरीके से विद्युत सजावट तथा तोरण द्वार से सजाया गया है। स्थानीय श्रद्धालुओं में भी काफी उत्सुकता देखने को में आ रही है, इस कार्यक्रम की खासियत यह है की प्रथम बार उत्तर भारत एवम पूर्वी भारत की पूजा पद्धति का संयुक्त मिलान कर आयोजन किया जा रहा है, श्री अभय मठ महिला मंडल के संरक्षक विनय गोयल ने बताया कि श्री अभय मठ में मां कात्यायनी ,मां भद्रकाली,एवम मां सरस्वती का स्वरूप स्थापित किया गया है। यह हिंदुस्तान का तीसरा ऐसा मंदिर है जिसमे यह स्थापित है, पहला झंडेवालान, दूसरा वैष्णो देवी में तीसरा श्री अभय मठ लक्ष्मण चौक में स्थापित किया गया है।

इसी क्रम में मीडिया प्रभारी गोपाल सिंघल ने बताया कि 26 सितंबर से सुबह दुर्गा पूजा की जायेगी जिसमे विभिन्न यजमान शामिल होंगे शाम को प्रतिदिन भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है,जिसमे देश के प्रसिद्ध भजन गायक अपनी आवाज से मां का गुणगान करेंगे। मां वैष्णो देवी के दरबार से मां के भक्त जयपाल भी अपनी मधुर वाणी से मैया की आराधना करने आ रहे हैं एक अक्तूबर से 5 दिसंबर तक बंगाली पद्धति से पूजन किया जायेगा,जिसमे षष्टी पूजा,सप्तमी अष्टमी नवमी तिथि का पूजन किया जायेगा एवम दशमी तिथि को सभी सुहागिन महिलाएं माता के साथ सिंदूर खेला करेंगी,उसमे पश्चात यह सभी कार्यक्रम समापन होंगे। प्रेस वार्ता में दिगंबर राजेश पुरी, महिला मंडल के संरक्षक विनय गोयल,अध्यक्ष रीना मेंहदीरत्ता, शिखर कुच्छल,मीडिया प्रभारी गोपाल सिंघल उपस्थित रहे।



## एक नजर

# पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वाले पीएफआई के कई कार्यकर्ता गिरफ्तार

पुणे । पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई ) के खिलाफ हुए एक्शन के बाद संगठन के समर्थकों का देशभर में विरोध प्रदर्शन जारी है। महाराष्ट्र के पुणे में कल जिला कलेक्टर के कार्यालय के बाहर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गए। इस दौरान पुलिस ने पीएफआई के कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया, जिन्हें शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें कि पुणे जिला कलेक्टर के कार्यालय के बाहर ईडी सीबीआई पुलिस की छापेमारी के खिलाफ इकट्ठा हुई भीड़ में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे सुने गए। इसके बाद तुरंत हरकत में आई पुलिस ने पीएफआई के कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया, जिन्हें आज सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। इसके साथ ही बिना अनुमति प्रदर्शन करते के आरोप में 60-70 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, पुणे में विरोध प्रदर्शन के कुछ वीडियो वायरल हुए हैं, जिनमें कुछ लोग आल्लाहू अकबर के साथ ही पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं। पीएफआई के खिलाफ देशव्यापी एक्शन को राष्ट्रीय जांच एजेंसी और प्रवर्तन निदेशालय ने ऑपरेशन ऑक्टोपस नाम दिया गया है।



# देश में पिछले 24 घंटो में कोविड-19 संक्रमण के 4,912 नए मामले आए सामने

नई दिल्ली । भारत में बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 4,912 नए मामले आने से देश में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,45,63,337 हो गई है। हालांकि, उपचाराधीन मरीजों की संख्या 45,281 से घटकर 44,366 रह गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार सुबह आठ बजे अद्यतन किए गए आंकड़ों के मुताबिक, देश में संक्रमण से 38 और लोगों के दम तोड़ने के बाद मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 5,28,487 पर पहुंच गई है। आंकड़ों के अनुसार, इन 38 मृतकों में वे 19 लोग भी शामिल हैं, जिनके नाम संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुन:मिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से जान गंवाने वाले मरीजों की सूची में जोड़े हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या कुल संक्रमितों का 0.10 प्रतिशत हो गई है, जबकि संक्रमण से उबरने वाले लोगों की संख्या 98.71 प्रतिशत है। मंत्रालय के मुताबिक, पिछले 24 घंटे के दौरान उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 845 की कमी आई है।



# शांति का दावा करने वाला देश आतंकियों को शरण नहीं देता: भारत

नई दिल्ली । पाकिस्तान किसी भी वैश्विक मंच पर कश्मीर मुद्दे को उठाने से पीछे नहीं हटता। हाल ही में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर मुद्दे का राग अलापा। उन्होंने कहा था कि हम भारत सहित अपने सभी पड़ोसियों के साथ शांति चाहते हैं। इसपर संयुक्त राष्ट्र में भारत मिशन के प्रथम सचिव मिजिटो विनिटो ने पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई। मिजिटो विनिटो ने यूएनजीए में भारत के उत्तर के अधिकार का प्रयोग करते हुए कहा यह खेदजनक है कि पाकिस्तानी पीएम ने भारत के खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए इस सभा का मंच चुना। उन्होंने अपने ही देश में कुकर्मों को छिपाने और भारत के खिलाफ कार्रवाई को सही ठहराने के लिए ऐसा किया है। प्रथम सचिव ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा, एएक देश जो दावा करता है कि वह अपने पड़ोसियों के साथ शांति चाहता है, वह कभी भी सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित नहीं करेगा और न ही मुंबई आतंकवादी हमले के योजनाकारों को आश्रय देगा। शांति की बात करके आतंकवाद फैलाना आपका काम है।




# डैमेज कंट्रोल में जुटी भाजपा, कांग्रेस के तेवर तेज



**❑रिजार्ट पर बुलडोजर, सबूत मिटाने का प्रयासः हरीश**
**❑इंसाफ करना है तो पूरा इंसाफ करो अधूरा क्यों ?**

विशेष संवाददाता

देहरादून। भर्ती घोटालों को लेकर राज्य में भाजपा सरकार के खिलाफ युवाओं का आक्रोश अभी थमा भी नहीं है कि अंकिता मर्डर केस को लेकर सरकार के खिलाफ एक और बड़ा जनांदोलन खड़ा हो गया है।

पेपर लीक और विधानसभा बैक डोर भर्तियों के मामले में भाजपा सरकार ने जो चुस्ती फुर्ती दिखाई है वह बेवजह नहीं है। दोनों मामलों में भाजपा के नेताओं की संलिप्तता उजागर होने पर भाजपा सरकार के सामने अपनी छवि को बचाने का जो संकट पैदा हो गया था उसकी क्षतिपूर्ति उसके द्वारा करने के प्रयास में ही पेपर लीक मामले में इतनी बड़ी कार्रवाई करने और विधानसभा में गलत तरीके से हुई भर्तियों को रद्द करने का दबाव बना। अब इसे भाजपा नेता सरकार की बड़ी उपलब्धि के रूप में प्रचारित कर रहे हैं। ठीक वैसे ही अंकिता मर्डर केस जिसका सीधा संबंध भाजपा नेता से जुड़ा, पर सख्त कार्रवाई के जरिए यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि हमने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की है। लेकिन सवाल फिर भी अनगिनत है जिन्हें लेकर कांग्रेस भाजपा की घेराबंदी कर रही है और कांग्रेस को सड़कों पर उतरकर धरने प्रदर्शनों का मौका मिला है।

अंकिता मर्डर केस में शासन-प्रशासन की जो बड़ी लापरवाही सामने आई है उसे लेकर भारी जनाक्रोश है। आधी रात को आरोपी के रिजार्ट पर बुलडोजर की कार्रवाई को कांग्रेस द्वारा साक्ष्य मिटाने का प्रयास बताया जा रहा है। मामला क्योंकि कानून व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है इसलिए अति संवेदनशील है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट सरकार की कार्रवाई की सराहना कर रहे हैं तो हरीश रावत ने उनसे पूछा है कि 6 दिन तक शासन-प्रशासन कहां सोया रहा? उन्होंने कहा कि कार्यवाही के नाम पर आरोपी का रिजार्ट तोड़कर सबूत क्यों मिटाये जा रहे हैं अगर साक्ष्य नहीं होंगे तो आरोपियों को सजा कैसे मिलेगी। भर्ती मामले में भी उन्होंने जांच और नौकरियां रद्द करने के फैसले को अधूरी कार्यवाही बताया था उनका कहना था कि नौकरी पाने वालों पर तो कार्रवाई हो गई लेकिन जिन्होंने अवैध तरीके से नौकरियां दी उन पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। मुख्यमंत्री भर्तियों को रद्द करने के फैसले के बाद रहे हैं कि चैप्टर क्लोज हो चुका है। यह कैसा इंसाफ है, इंसाफ करना है तो पूरा इंसाफ करो।

## अंकिता की हत्या मानवता को शर्मशार करने वाली घटना है: खण्डूरी



हमारे संवाददाता

देहरादून। अंकिता भंडारी की हत्या पर विधानसभा अध्यक्ष ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मानवता को शर्मसार करने वाली यह घटना हृदय विदारक है, उन्होंने इस घटना में संलिप्त सभी आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की बात कही है।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूरी ने कहा कि आज हमने उत्तराखंड की एक बेटी को खोया है जिसके लिए सभी दुखी है, उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी सांत्वना व्यक्त की है। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार एवं वह स्वयं बेटी के परिवारजनों के साथ हैं एवं दोषियों को सजा दिलाकर उन्हे न्याय जरूर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस घटना पर फास्टट्रैकिंग कार्यवाही होगी। उत्तराखंड का समाज इस प्रकार की घटना को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अब हमें इस पर और अधिक सोचने की जरूरत है कि राजस्व पुलिस प्रदेश में कितनी कारगर है, क्या राजस्व की जगह पुलिस को पुलिसिंग के अधिकार दिए जाने चाहिए।

विधानसभा अध्यक्ष ने उत्तराखंड में भू कानून को भी सख्त बनाए जाने की बात कही है साथ ही उन्होने इस प्रकार के सभी अवैध रिसोर्ट की जांच के लिए कड़े निर्णय लेने की आवश्यकता बतायी है।

# चोरी का खुलासा एक गिरफ्तार, लाखों की नगदी व मोबाइल बरामद



हमारे संवाददाता

नैनीताल। बंद मकान में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक शातिर को चोरी किये गये लाखों रूपये व मोबाइल सहित गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज चक्षु तेजवानी पुत्र एस.एस. तेजवानी निवासी धर्मपाल कालोनी द्वारा कोतवाली हल्द्वानी में तहरीर देकर बताया गया था कि अज्ञात चोरों द्वारा उनके घर के चैनल गेट का ताला तोड़कर घर से 6 लाख की नगदी, मोबाइल फोन तथा पर्स में रखे पांच हजार रूपये चोरी कर लिये गये है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी।

प्रारम्भिक विवेचना में पता चला कि पीड़ित के घर से 4 लाख चालीस हजार की नगदी व 30 हजार की कीमत का मोबाइल फोन चोरी हुआ है। जिस पर पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी गयी। जांच के दौरान आज सुबह पुलिस को सूचना मिली कि उक्त चोरी में शामिल चोर गांधी इंटर कालेज हल्द्वानी के पास देखा गया है। सूचना पर तत्काल दबिश देकर पुलिस ने बताये गये स्थान से तौफीक पुत्र मसीत निवासी नूरी मस्जिद के पास इन्द्रानगर को हिरासत में ले लिया गया। जिसके पास से पुलिस ने चार लाख चालीस हजार की नगदी व चुराया गया मोबाइल फोन बरामद किया। पूछताछ में आरोपी द्वारा बताया गया कि वह नशे का लती है और अपने आदतों को पूरा करने के लिए चोरी की घटना को अन्जाम देता है। बताया कि उसने ही चक्षु तेजवानी के घर में छत से घुसकर चोरी की घटना को अन्जाम दिया था। बहरहाल पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

## घर के बाहर से स्कूटी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने घर के बाहर से स्कूटी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पंत नगरी निवासी मुकेश नैथानी ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी स्कूटी घर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी स्कूटी अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**
**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**
*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*